

# साप्ताहिक वन  लाइनर्स अपडेट

1 - 7 जून, 2018

Powered by :

gradeup



## साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 जून 2018

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह (1-7) जून 2018** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने वर्ष 2018-19 के लिए अपनी दूसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति दरों की घोषणा मुंबई में की।

**नोट:**

- आर.बी.आई ने तरलता समायोजन सुविधा (एल.ए.एफ) के तहत रेपो रेट में 25 आधार अंकों की वृद्धि करके उसे 6.25% किया।
- एल.ए.एफ के तहत रिवर्स रेपो रेट 6.0% पर समायोजित है।
- सीमांत स्थायी सुविधा (एम.एस.एफ) दर और बैंक दर 6.50% है।
- नकद आरक्षित अनुपात (सी.आर.आर) 4% पर अपरिवर्तित बना हुआ है।

**2.** केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई ____ **7.7%।**

**नोट:**

- वर्ष 2017-18 की पहली तीन तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी) में 5.6%, 6.3% और 7% की वृद्धि हुई थी।

**3.** 14वें वीजा एशिया प्रशांत सुरक्षा शिखर सम्मेलन में किस बैंक को भारत एवं दक्षिण एशिया श्रेणी में चैंपियन सिक्योरिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ____ **एच.डी.एफ.सी बैंक।**

**नोट:**


- यह पुरस्कार जोखिम प्रबंधन और भुगतान सुरक्षा प्रदर्शन में नेतृत्व को दर्शाने वाली उत्कृष्टता का प्रतीक है।
- यह पुरस्कार उन बैंकों को प्रदान किया जाता है जो इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन को सुरक्षित रखने के हर पहलू को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम अभ्यासों पर लागू करते हैं।
- एच.डी.एफ.सी बैंक ने उच्च स्तर की जोखिम प्रबंधन प्रवीणता पर भरोसेमंद प्रदर्शन किया है, जिससे भारत एवं दक्षिण एशिया में उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए लगातार एक सुरक्षित भुगतान का वातावरण उत्पन्न हुआ है।

**4.** भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) में तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त नए डिप्टी गवर्नर _____ **महेश कुमार जैन।**

**नोट:**

- एस.एस. मुंद्रा (जुलाई, 2017 में सेवानिवृत्त) की सेवानिवृत्ति के बाद डिप्टी गवर्नर का पद रिक्त हो गया था।





- वर्तमान में, वह आई.डी.बी.आई बैंक के प्रबंध निदेशक और सी.ई.ओ हैं।
- आर.बी.आई के मौजूदा अन्य तीन डिप्टी गवर्नर श्री बी.पी. कानूनगो, डॉ. विरल वी. आचार्य और एन.एस. विश्वनाथन हैं।

**5.** देश भर में 1-8 जून, 2018 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किसने किया____ **भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई)।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय '**ग्राहक सुरक्षा**' (Customer Protection) है।
- वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उद्देश्य बैंक ग्राहकों के बीच वित्तीय उत्पादों और सेवाओं, अच्छे वित्तीय कार्यों और डिजिटलीकरण के बारे में वित्तीय जागरूकता उत्पन्न करना है।

**6.** भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने कुछ निर्धारित मानदंडों को पूरा करके अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के किन बैंकों में स्वैच्छिक अवस्थांतर को मंजूरी देने का निर्णय लिया है ___ **स्मॉल फाइनेंस बैंकों।**

**नोट:**

- अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों की उच्च शक्ति समिति (आर.ए. गांधी की अध्यक्षता में) ने बड़े मल्टी-स्टेट यू.सी.बी के ज्वाइंट स्टॉक कंपनियों और अन्य यू.सी.बी जो कुछ मानदंडों को पूरा करते हैं, के स्मॉल फाइनेंस बैंक में स्वैच्छिक रूपांतरण की सिफारिश की थी।
- आर.बी.आई ने प्राथमिक क्षेत्र के लिए आवास ऋण सीमा को महानगरों में मौजूदा 28 लाख रुपये से 35 लाख रुपये और अन्य केंद्रों में मौजूदा 20 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक संशोधित करने का फैसला किया है।

**7.** वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए सर्वश्रेष्ठ अपेक्षा प्रबंधन (मिड कैप) श्रेणी के तहत 'इनवेस्टर रिलेशंस अवॉर्ड 2018' किस बैंक को मिला ____ **कॉरपोरेशन बैंक।**

**नोट:**

- कॉरपोरेशन बैंक के महाप्रबंधक यू. चंद्रकांत नायक को मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में पुरस्कार दिया गया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** ग्लोबल पैरेंट्स डे हर वर्ष मनाया जाता है ___**1 जून।**

**नोट:**

- यह वैश्विक दिवस दुनिया के सभी हिस्सों में बच्चों के प्रति निःस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के प्रति माता-पिता के आजीवन बलिदान हेतु सभी माता-पिता की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है।


**2.** विश्व दुग्ध दिवस हर वर्ष मनाया जाता है ____**1 जून।**

**नोट:**

- यह दिवस डेयरी क्षेत्रों से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान देने का अवसर प्रदान करने के प्रयोजन से मनाया जाता है।
- विश्व दुग्ध दिवस वैश्विक आहार के रूप में दूध के महत्व को पहचानने के लिए संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ.ए.ओ) द्वारा स्थापित एक दिवस है।

**3.** संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) द्वारा पहला विश्व साइकिल दिवस (डब्लू.बी.डी) मनाया गया ____**3 जून, 2018।**





**नोट:**

- डब्ल्यू.बी.डी परिवहन और खाली समय के लिए साइकिल का उपयोग करने के कई सामाजिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाता है।
- डब्ल्यू.बी.डी को मंजूरी परिवहन एवं खाली समय के लिए साइकिल का उपयोग करने के कई सामाजिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में 12 अप्रैल, 2018 को दी गई थी।

4. आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाने वाला दिवस है__**4 जून।**

   **नोट:**

   - यह दिवस 19 अगस्त, 1982 को प्रमाणित किया गया था।
   - इसका उद्देश्य समूचे विश्व में उन बच्चों द्वारा सहे गए दर्द को स्वीकार करने हेतु विस्तारित है जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं।

5. विश्व पर्यावरण दिवस (डब्ल्यू.ई.डी) दुनिया भर में हर वर्ष मनाया जाता है___**5 जून।**

   **नोट:**

   - विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा की जागरूकता को प्रोत्साहित करने और इसकी आवश्यकता को बढ़ावा देने का एक मंच है।
   - विश्व पर्यावरण दिवस 2018 का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करना" (Beat Plastic Pollution) है।
   - भारत इस आयोजन के 43वें संस्करण का वैश्विक मेजबान राष्ट्र है।

gradeup

## नयी नियुक्तियाँ

1. इटली की नई लोकवादी सरकार के प्रधान मंत्री पद की शपथ किसने ली _____**ज्यूसेप कॉन्टे।**

   **नोट:**

   - श्री कॉन्टे सत्ता विरोधी फाइव स्टार मूवमेंट (M5S) और घोर दक्षिणपंथी दल के मंत्रियों की सरकार का नेतृत्व करेंगे।

2. मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार किसने शपथ ली ______**अब्देल फतह अल-सीसी।**

   **नोट:**

   - श्री सीसी ने मार्च के राष्ट्रपति चुनाव में वैध मतों के 97% वोट हासिल करने के बाद अपनी सरकार के सदस्यों के समक्ष शपथ ली।
   - उन्होंने अपना पहला कार्यकाल वर्ष 2014 में भारी बहुमत के साथ जीता था।

3. केंद्र सरकार ने भारत की विशेष आर्थिक क्षेत्र (एस.ई.जेड) नीति का अध्ययन करने के लिए किस उद्योगपति की अध्यक्षता में एक समूह का गठन किया है______ **बाबा कल्याणी (भारत फोर्ज के अध्यक्ष)।**

   **नोट:**



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

- यह समूह एस.ई.जेड नीति का मूल्यांकन करेगा, मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में निर्यातकों की जरूरतों को पूरा करने के उपायों का सुझाव देगा और एस.ई.जेड नीति को डब्ल्यू.टी.ओ के संगत बनाएगा।
- एक एस.ई.जेड एक ऐसा क्षेत्र है जहां आर्थिक नियम उसी देश के अन्य क्षेत्रों से भिन्न होते हैं और ये क्षेत्र आमतौर पर निर्यात के केंद्र होते हैं।

**4.** सितंबर, 2018 से प्रारंभ होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित इक्वाडोर की विदेश मंत्री_____ **मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा।**

**नोट:**

- एस्पिनोसा यू.पी.जी.ए का अध्यक्ष पद संभालने वाली चौथी महिला होंगी।
- महासभा की पिछली महिला अध्यक्ष वर्ष 1953 में विजय लक्ष्मी पंडित (भारत), वर्ष 1969 में एंजी एलिज़ाबेथ ब्रूक्स (लाइबेरिया) और वर्ष 2006 में शेखा हया राशिद अल खलीफा (बहरीन) थीं।

**5.** जॉर्डन का प्रधान मंत्री किसे नियुक्त किया गया_____ **ओमार रज्जाज़।**

**नोट:**

- जॉर्डन का प्रधान मंत्री हैस्मिथ किंगडम ऑफ जॉर्डन का प्रमुख है।

## महत्वपूर्ण समाचार – भारत

**1.** वर्ल्ड चाइल्डहुड इंडेक्स के अनुसार, भारत को "चाइल्डहुड इंडेक्स 2018 के समापन" में 175 देशों की सूची में किस स्थान पर रखा गया _____**113वें।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 में भारत का समग्र स्कोर 1000 के पैमाने पर वर्ष 2017 के 754 अंक से 14 अंक बढ़कर 768 हो गया है।
- सिंगापुर और स्लोवेनिया को सूची में साझा रूप से शीर्ष स्थान पर और नाइजर को सूची के अंतिम 175वें स्थान पर रखा गया है।

**2.** गूगल इंडिया ने किस नए ऐप के बीटा वर्जन को लॉन्च किया है___**Neighbourly।**

**नोट:**

- 'Neighbourly' ऐप किसी क्षेत्र में सुरक्षित पार्क या आसपास के किसी भी किफायती शिक्षक की उपलब्धता जैसे प्रश्न पूछने में मदद करेगा।


**3.** माल गाड़ियों और कोच ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला___ **मिशन रफ्तार।**

**नोट:**

- 'मिशन रफ्तार' का मुख्य उद्देश्य पांच वर्ष की अवधि में माल गाड़ियों की औसत गति दोगुनी करना और कोच ट्रेनों की औसत गति में 25 किमी/घंटे तक वृद्धि करना है।

**4.** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने कहां पर स्थित सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैब के परिसर में एक एडवांस्ड डी.एन.ए फोरेंसिक लैब की नींव रखी _____ **चंडीगढ़।**





**नोट:**

- इस लैब में यौन उत्पीड़न एवं होमीसाइड, पैटरनिटी, ह्यूमन आइडेंटिफिकेशन, और माइटोकॉन्ड्रियल चार यूनिट होंगे।
- वर्तमान में चंडीगढ़, गुवाहाटी, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे और भोपाल में 6 सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैब (सी.एफ.एस.एल) और प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक स्टेट फोरेंसिक साइंस लैब हैं।
- ये प्रयोगशालाएं यौन उत्पीड़न, क्रिमनल पैटरनिटी और होमीसाइड सहित देश के सभी मामलों के फोरेंसिक विश्लेषण के लिए उत्तरदायी हैं।

5. रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहां पर स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर माउंटेनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट्स (NIMAS) द्वारा सफलतापूर्वक संचालित माउंट एवरेस्ट के अभियान दल का स्वागत किया _____**दिरांग, अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- यह पहली बार है जब किसी भी राष्ट्रीय संस्थान के अभियान दल के आठ सदस्य अपने पहले प्रयास में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचे हैं।
- टीम के सभी आठ सदस्यों ने बिना किसी दुर्घटना या शीत आघात के 19 और 20 मई, 2018 को सफलतापूर्वक शिखर की चढ़ाई की थी।

6. कर देयता को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक नई योजना __ **सेवा भोज योजना।**

**नोट:**

- यह योजना 'विशिष्ट वस्तुओं' की खरीद के लिए भुगतान किए गए केंद्रीय जी.एस.टी और इंटीग्रेटेड जी.एस.टी में केंद्र के हिस्से के पुनर्भुगतान की अनुमति देती है।
- इस योजना का उद्देश्य ऐसे धर्मार्थ धार्मिक संस्थानों के वित्तीय बोझ को कम करना है जो बिना किसी भेदभाव के जनता/अनुयायियों को भोजन प्रदान करते हैं।

7. अगले 10 दिनों के संभावित मौसम पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए एक नई सामूहिक पूर्वानुमान प्रणाली (ई.पी.एस) किसने लॉन्च की_____ **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी)।**

**नोट:**

- ये नई प्रणाली निर्धारित पूर्वानुमान में सुधार करेगी जिनमें काफ़ी त्रुटियां पाई गई हैं।
- ई.पी.एस में कुछ विभिन्न प्रारंभिक स्थितियों का उपयोग करके कई पूर्वानुमानों की जनरेशन शामिल की गई है।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी) भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है।

8. मुंबई से पुणे तक चलने वाली 88 वर्ष की सेवा पूरी कर चुकी भारत की पहली डीलक्स ट्रेन ___**डेक्केन क्वीन एक्सप्रेस।**

**नोट:**

- ट्रेन का परिचालन 1 जून, 1930 को शुरू हुआ था।
- वर्तमान में, डेक्कन क्वीन 17 कोच, 4 वातानुकूलित कुर्सीयान, एक बफेट यान, 10-द्वितीय श्रेणी के कुर्सीयान और दो-द्वितीय श्रेणी के ब्रेक वैन के साथ परिचालित है।

9. भारत द्वारा स्वदेश में विकसित किस परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया_____**अग्नि-V।**



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:**

- अग्नि-5 भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ) द्वारा विकसित एक ठोस ईंधन वाली **इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल** (आई.सी.बी.एम) है, जिसकी मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर तक है।
- अग्नि श्रृंखला की पहली मिसाइल (अग्नि -1) एकीकृत मार्गदर्शित मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत विकसित की गई थी और इसका परीक्षण वर्ष 1989 में किया गया था।

**10.** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहां पर स्थित राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों और उप-राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन (49वां) का उद्घाटन किया _____ **नई दिल्ली।**

**11.** कौन सा मंत्रालय नई वित्तीय संस्था बनाएगा जो विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को वित्त पोषित करेंगी_____ **खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय।**

**नोट:**

- यह जोखिम मूल्यांकन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को उधार देने के क्षेत्र में क्षमता निर्माण का सृजन करेगी।
- केंद्र सरकार **प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना** के तहत देश के हर नुक्कड़ और कोने को अपने 42 मेगा फूड पार्क और 234 शीत श्रृंखला परियोजनाओं से जोड़ने के लिए शीत श्रृंखला ग्रिड बना रही है।

**12.** रूस से प्राप्त पहली दीर्घकालिक एल.एन.जी खेप कहां पहुंची____ **दाहेज, गुजरात।**

**नोट:**

- गेल और रूस की गैजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जी.एम.टी.एस) के बीच दीर्घकालिक समझौते के तहत पहली एल.एन.जी खेप गुजरात के दाहेज स्थित पेट्रोनेट एल.एन.जी लिमिटेड (पी.एल.एल) के एल.एन.जी टर्मिनल पहुंची।
- केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री **धर्मेंद्र प्रधान** ने टर्मिनल पर पहली खेप प्राप्त की।
- गेल ने गैलप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, के साथ 29 अगस्त, 2012 को मूल सौदे पर हस्ताक्षर किए थे।

**13.** नई दिल्ली स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एम.डी.एन.आई.वाई) में योग पर तीसरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संपादक सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया____ **श्री श्रीपद येसो नाइक।**

**नोट:**


- आयुष मंत्रालय प्रेस सूचना ब्यूरो (पी.आई.बी) और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एम.डी.एन.आई.वाई) के सहयोग से इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
- सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य योग के वैज्ञानिक पहलुओं और मानव स्वास्थ्य के लिए इसके लाभों के बारे में मीडिया से संबंधित व्यक्तियों को अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।

**14.** केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री अनंत कुमार ने भारत का पहला ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन कहां लॉन्च किया _____ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- सस्ती सैनिटरी नैपकिन 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत 3600 से अधिक जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध होंगी।





- यह सैनिटरी नैपकिन 500 से अधिक वर्षों में नष्ट होने वाले अन्य सैनिटरी पैड के विपरीत तीन से छह महीने के भीतर अपघटित हो जाएंगे।

**15.** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने कहां पर आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ) के मंत्रियों की अनौपचारिक सभा में भाग लिया____ **पेरिस।**

**नोट:**

- श्री प्रभु ने वर्तमान में डब्ल्यू.टी.ओ के समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए शीघ्रता से मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- डब्ल्यू.टी.ओ के 28 सदस्य देशों और डब्ल्यू.टी.ओ के महानिदेशक ने अनौपचारिक बैठक में भाग लिया।

**16.** इस वर्ष 1 जून से 'कृषि कल्याण अभियान' आरंभ करने वाला मंत्रालय ___ **कृषि मंत्रालय।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत, चुनिंदा गांवों के किसानों को कृषि की तकनीक में सुधार करने और उनकी आय बढ़ाने के तरीकों पर सहायता और सलाह प्रदान की जाएगी।
- इस योजना का उद्देश्य नीति आयोग के निर्देशों के अनुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय के परामर्श से पहचाने गए 111 आकांक्षी जिलों में 1,000 से अधिक आबादी वाले 25 गांवों में किसानों की सहायता करना है।

**17.** केंद्रीय आई.टी और कानून मंत्री रवि शकर प्रसाद ने कहां पर आयोजित एक समारोह में भगत सिंह की जेल डायरी पुस्तक का विमोचन किया___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- जेल डायरी पुस्तक भगत सिंह के लेखों का संकलन है।
- भगत सिंह ने 12 सितंबर, 1929 से 22 मार्च 1931 तक डायरी (स्व हस्तलिखित) लिखी थी।

**18.** सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगने वाले आवेदकों की सुविधा के लिए अपना ऑनलाइन आर.टी.आई पोर्टल **'http://rti.eci.nic.in'** किसने लॉन्च किया___ **भारतीय निर्वाचन आयोग।**

**नोट:**

- आर.टी.आई अधिनियम के तहत आयोग से जानकारी मांगने वाले आवेदक ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं।
- आर.टी.आई अधिनियम के तहत आवश्यक शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए गेटवे भी है।
- आर.टी.आई आवेदक को एस.एम.एस और ई-मेल के माध्यम से समय-समय पर जानकारी प्राप्त होती रहेगी।

**19.** जिओ इंटेलिजेंस एशिया 2018 कहां आयोजित किया गया ______ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सेमिनार का विषय 'भू स्थानिक: रक्षा एवं औद्योगिक सुरक्षा के लिए एक बल गुणक' (Geo Spatial: A Force Multiplier for Defence and Industrial Security) था।
- सेमिनार में नवीनतम प्रौद्योगिकी के समाधानों की जांच के लिए बी.एस.एफ और पुलिस बल, सरकार एवं उद्योगों सहित सैन्य, सुरक्षा अधिकारी एक साथ उपस्थित हुए।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. हवाई द्वीपों और दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया में और उसके आसपास के क्षेत्रों में आयोजित होने वाले द्विवार्षिक रिम ऑफ द पैसेफिक (RIMPAC) सैन्य अभ्यास में भाग लेने वाले कुल देश____**26।**

   **नोट:**

   - RIMPAC को दुनिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास के रूप में जाना जाता है।
   - इस वर्ष का विषय "सक्षम, अनुकूली, भागीदार" (Capable, Adaptive, Partners) है।
   - इस वर्ष 'RIMPAC' में 47 सतही जहाज, पांच पनडुब्बियां, 18 राष्ट्रों का थल सेना बल, और 200 से अधिक विमान और 25,000 कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

2. भारत ने नर्सिंग में किसके साथ म्यूचुअल रिकग्निशन एग्रीमेंट (एम.आर.ए) पर हस्ताक्षर किए हैं _____ **सिंगापुर।**

   **नोट:**

   - भारत द्वारा हमारे किसी भी एफ.टी.ए (मुक्त व्यापार समझौते) भागीदारों के साथ हस्ताक्षर किया गया यह पहला एम.आर.ए है।
   - भारत और सिंगापुर प्रशुल्क रियायतों की सीमा का विस्तार करने, मूल नियमों को उदार बनाने और दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए नए उत्पाद विशिष्ट नियमों (पी.एस.आर) को शामिल करने पर सहमत हुए हैं।

3. अमेरिका ने किस देश के साथ प्रत्यक्ष डाक सेवा को स्थाई रूप से बहाल करने की सहमति व्यक्त की है____ **क्यूबा।**

   **नोट:**

   - यह सेवा क्यूबा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच सीधी उड़ानों और दोनों देशों के डाकघरों के माध्यम से डाक, पार्सल और एक्सप्रेस कोरियर डिलीवरी की डाक डिलीवरी की अनुमति देती है।

4. किस संस्थान के वैज्ञानिकों की एक टीम ने रेड्डिट से खींची गई तस्वीर का उपयोग करके एक साइकोपैथिक ए.आई बनाया है_____**मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी)।**

   **नोट:**

   - इस प्रयोग का उद्देश्य यह जांचना था कि एल्गोरिथ्म में दिया गया डेटा इसके "आउटलुक" को कैसे प्रभावित करता है।
   - इसका नाम 'नॉर्मन' अल्फ्रेड हिचकॉक की क्लासिक डरावनी फिल्म साइको के नॉर्मन बेट्स के नाम पर रखा गया।

5. यू.एन. ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया सम्मेलन की मेजबानी करने वाला शहर __ **बेंगलुरु।**


   **नोट:**

   - इस वर्ष, जी.सी.एन.आई सम्मेलन का अधिक महत्व है क्योंकि यह 7 जून को आयोजित होने वाले यू.एन इंडिया बिजनेस फोरम के साथ हो रहा है।
   - इस समारोह का विषय 'सतत विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals (SDGs)) है।

6. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तरी कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन के बीच 12 जून को होने वाला शिखर सम्मेलन सिंगापुर के किस द्वीप में आयोजित किया जाएगा ____ **सेंटोसा।**

   **नोट:**





- ट्रम्प के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि किम के साथ उनकी बैठक से कुछ बड़ी शुरुआत होगी।
- ट्रम्प को उत्तरी कोरिया के साथ परमाणु समझौते को सुरक्षित करने की उम्मीद है।

## राज्य समाचार

1. अपनी अलग पहचान के लिए अपने राज्य के प्रतीकों को अवशिष्ट करने की घोषणा करने वाली राज्य सरकार ___ **आंध्र प्रदेश।**

   **नोट:**
   - अब, आंध्र प्रदेश राज्य का राजकीय पक्षी राम चिलुका (psittaculakrameri) या रोज़ रिंगेड पैराकेट है।
   - इससे पहले, अविभाजित आंध्र प्रदेश का राजकीय पक्षी इंडियन रोलर (coraciasbenghalensis) या पलापित्ता था।
   - अब, पलापित्ता 'तेलंगाना', उड़ीसा और कर्नाटक का राजकीय पक्षी है।
   - आंध्र प्रदेश सरकार ने राजकीय पुष्प के रूप में चमेली को चुना है।
2. आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद वर्ष 2014 में 2 जून को गठित राज्य___ **तेलंगाना।**

   **नोट:**
   - तेलंगाना ऊंचे दक्कन के पठार पर भारतीय प्रायद्वीप के मध्य-दक्षिणी विस्तार पर स्थित है।
   - तेलंगाना की सीमा उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम में महाराष्ट्र राज्य, पश्चिम में छत्तीसगढ़, कर्नाटक और पूर्व एवं दक्षिण में आंध्र प्रदेश से लगी हुई है।
3. राज्य के पत्रकारों के लिए एक स्वास्थ्य बीमा योजना 'गोपाबंधु संबद्धिका स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने वाली राज्य सरकार___ **ओडिशा।**


   **नोट:**
   - इस योजना के तहत पत्रकार के परिवार के कम से कम पांच सदस्यों को शामिल किया जाएगा।
   - पहले चरण में 3233 कार्यरत पत्रकारों को एक वर्ष में 2 लाख रुपये तक का कवर प्रदान किया जाएगा।
   - स्वास्थ्य बीमा कार्ड जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालयों (डी.आई.पी.आर.ओ) के जिला कार्यालयों द्वारा वितरित किए जाएंगे।
4. सभी सरकारी पुरुष कर्मचारियों को अपने हाल ही में जन्में बच्चों की परवरिश करने के लिए 15 दिनों का पितृत्व अवकाश देने का फैसला करने वाली राज्य सरकार___ **हरियाणा।**

   **नोट**:
   - राज्य सरकार ने पुलिस बल में महिलाओं की मौजूदा संख्या 11% से बढ़ाकर 20% करने का भी फैसला किया है।
5. भारत के स्वच्छ आदर्श स्थान कार्यक्रम के तहत हैदराबाद के प्रतिष्ठित चारमीनार को अपनाने वाला भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम_____ **राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एन.टी.पी.सी)।**

   **नोट:**
   - एन.टी.पी.सी लिमिटेड और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जी.एच.एम.सी) ने हैदराबाद में 'चारमीनार पादचारीकरण परियोजना' के तहत विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों के कार्यान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

gradeup





- चारमीनार (चार मीनारों) भारत के तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है।

**6.** शिमला और चंडीगढ़ के बीच हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा 'हेली टैक्सी सेवा' कहां शुरु की गई____ **जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे, शिमला।**

**नोट:**

- यह सेवा हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से पवन हंस लिमिटेड द्वारा पेश की गई है।
- 20-सीटर हेलिकॉप्टर सेवा का संचालन पवन हंस हेलीकॉप्टर द्वारा किया जाएगा और यह सोमवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध होगी।
- हेलिकॉप्टर में पर्यटक 20 मिनट की यात्रा आनंद ले सकते हैं और प्रारंभिक किराया 2999 रुपये (एक तरफ के लिए) निर्धारित किया गया है।

**7.** राज्य में बेरोजगार स्नातक युवाओं को 1000 रुपये का मासिक भत्ता देने की घोषणा करने वाली राज्य सरकार____ **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- इसमें राज्य के लगभग 10 लाख बेरोजगार युवा (ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष) शामिल होंगे।
- पूरी योजना का बजट व्यय 1200 करोड़ रुपये है।

**8.** किस राज्य में वंचित बच्चों के लिए खेल अकादमी की स्थापना की जाएगी_____**हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- अकादमी सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से खिलाड़ियों, गैर सरकारी संगठनों और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से स्थापित की जाएगी।
- अकादमी की स्थापना शीघ्र होगी क्योंकि राज्य में उचित भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया पहले से ही शुरू हो चुकी है।

**9.** किस राज्य सरकार ने उन किसानों को 1,000 रुपये प्रति क्विंटल का वित्तीय अनुदान प्रदान करने की घोषणा की है जिनकी तुअर और चना दाल को प्रशासन द्वारा 31 मई से पहले खरीदा नहीं जा सका____**महाराष्ट्र सरकार।**

**नोट:**

- राज्य सरकार ने 44.6 लाख क्विंटल तुअर दाल खरीद का लक्ष्य रखा था।
- राज्य सरकार उन किसानों को 160 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भी देगी, जिनकी फसलें अनियमित वर्षा या ओला-वृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं हैं।

**10.** 31 जुलाई से पॉलीथीन को पूरी तरह से निषिद्ध करने वाला राज्य____**उत्तराखंड।**


**नोट:**

- सभी पॉलीथीन विक्रेताओं से 31 जुलाई से पहले पॉलीथीन का स्टॉक खत्म करने को कहा गया है।
- राज्य में पॉलिथिन पर पूर्ण प्रतिबंध लगने के एक सप्ताह पहले पॉलीथीन के कारण पर्यावरणीय नुकसान पर व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा।

**11.** इस वर्ष खरीफ (मानसून) से एक नई फसल बीमा योजना का आरंभ करने वाली राज्य सरकार ____**बिहार सरकार।**

**नोट:**





- बिहार राज्य फसल सहायता योजना ने फसल बीमा की मौजूदा प्रणाली को बदल दिया है।
- इस योजना के तहत किसानों को 20% से कम तैयार फसल के क्षतिग्रस्त होने पर प्रति हेक्टेयर 7500 रुपये और 20% से अधिक के नुकसान पर 10,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा दिया जाएगा।

## श्रद्धांजलियां

**1.** हिमाचल प्रदेश की किस पूर्व राज्यपाल और कांग्रेस नेता का इंदौर में बीमारी के कारण निधन हो गया____ **उर्मिला सिंह।**

**नोट:**

- उन्हें वर्ष 2010 में हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल नियुक्त किया गया था।
- इससे पहले, उन्होंने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.टी.सी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

**2.** न्यूयॉर्क स्थित पार्क एवेन्यू अपार्टमेंट में आत्महत्या करने के बाद मृत पाई गईं अमेरिकी फैशन डिजाइनर____ **केट स्पेड।**

**नोट:**

- वह विशेष रूप से अपने स्लीक हैंडबैग के लिए जानी जाती हैं।
- स्पेड ने पहले एक पत्रकार के रूप में काम करते हुए, अपने पति एंडी और बाहरी निवेशकों की सहायता से वर्ष 1993 में अपना नामांकित फैशन लेबल लॉन्च किया।

gradeup

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. न्यूयॉर्क शहर के कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में अपने वर्ष 2017 के प्रशंसित एल्बम 'डैम' (DAMN) के लिए संगीत का पुलित्जर पुरस्कार किसने जीता___ **कैंड्रिक लैमार।**

**नोट:**

- संगीत के लिए पुलित्जर पुरस्कार सात अमेरिकी पुलित्जर पुरस्कारों में से एक है जो वार्षिक रूप से लेखन, नाटक और संगीत के लिए प्रदान किए जाते हैं।
- यह पुरस्कार वार्षिक रूप से 21 श्रेणियों में प्रदान किया जाता है।

**2.** समाज की भलाई के प्रति अपने कार्यों के लिए 'संतोकबा मानवतावादी पुरस्कार' 2018 से सम्मानित नोबेल पुरस्कार विजेता ___**कैलाश सत्यार्थी।**

**नोट:**


- यह पुरस्कार हर वर्ष श्री रामकृष्ण फाउंडेशन द्वारा उन लोगों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज के सुधार के लिए बड़े पैमाने पर काम किया हो।

3. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के किस पूर्व राजनयिक को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया___ **प्रोफेसर टॉमी कोह।**

**नोट:**

- कोह इस वर्ष पुरस्कार के 10 आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई राष्ट्रों के महासंघ) प्राप्तकर्ताओं में से एक थे।
- कोह ने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र में सिंगापुर के राजदूत के रूप में, और वर्ष 1981 एवं 1982 में समुद्री कानून पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।





**4.** बैंकॉक में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आई.आई.एफ.ए) पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से किन्हें सम्मानित किया जाएगा __**अनुपम खेर।**

**नोट:**

- श्री खेर ने तीन दशकों से भी अधिक समय तक भारत और विदेशों के प्रॉजेक्ट के साथ-साथ कई भाषाओं में 500 से अधिक फिल्मों में काम किया है।
- अनुपम खेर को यह सम्मान 24 जून को आईफा के 19वें संस्करण में प्रदान किया जाएगा।

**5.** दो वर्ष के लिए ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बी.ए.एफ.टी.ए) का नया अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ____ **पिप्पा हैरिस।**

**नोट:**

- वह जेन लश की जगह लेंगी।
- बाफ्टा फिल्म पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म योगदान का सम्मान करने के लिए ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बी.ए.एफ.टी.ए) द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए जाते हैं।

## खेल समाचार

**1.** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आई.डब्ल्यू.एफ) के अनुसार, एक प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड के सेवन की जांच के परिणाम में सकारात्मक पाई गईं भारतीय भारोत्तोलक ____ **संजीता चानू।**

**नोट:**

- हाल ही में, उन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

2. फोर्ब्स के एक संकलन में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले अमेरिकी चैंपियन मुक्केबाज _____ **फ्लॉइड मेवेदर।**
3. सूची में 83वें स्थान पर शामिल होने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी _____ **विराट कोहली।**
4. आई.सी.सी द्वारा मौजूदा 12 देशों के अलावा अपनी ओ.डी.आई रैंकिंग सूची में शामिल किए गए देश_____ **नेपाल, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड और यू.ए.ई।**


**5.** दक्षिण अफ्रीका का क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार प्राप्त करने वाले दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज______ **कागिसो रबादा।**


**नोट:**

- रबादा ने टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर, एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर ऑफ द ईयर और प्लेयर्स प्लेयर ऑफ द ईयर समेत कुल छह पुरस्कार प्राप्त किए।
- यह दूसरी बार है जब रबादा ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है (इससे पहले वर्ष 2016 में)।

---------------0--------------








## बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON
Google play